<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>बड़ी संख्या में किसान हो रहे हैं आकर्षित</u>

विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में सरकारी क्षेत्रों के स्टालों पर किसानों के लिए विभिन्न उत्पादन तकनीकों का प्रदर्शन किया गया है, जो सभी प्रकार के किसानों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक हैं। इस किसान मेले में विश्वविद्यालय के उत्तराखण्ड में फैले सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए प्रसार शिक्षा का एक विशेष स्टाल 'कृषि विज्ञान केन्द्र एवं कृषि क्लीनिक' लगाया गया जिसमें किसानों का उनकी समस्याओं का समाधान किया गया। किसान मेले में उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पाद आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। एग्रीनेक्स कारपोरेशन द्वारा एक मृदा जांच किट किसानों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है जिसमें किसान स्वयं अपनी मृदा में पाये जाने वाले तत्वों की जांच कर सकता है। किसानों के लिए पीसीआर संस्था द्वारा ईधन बचाने हेतु नवीनतम तकनीक के बारे में जानकारी दी जा रही है। भूअमृत फारमर प्रोड्यूसर कम्पनी लि. द्वारा जैविक उत्पाद भी किसानों के प्रति आकर्षण का केन्द्र बने हुए है। मेले में गन्ना विकास परिषद, गदरपुर द्वारा गन्ने की उन्नत प्रजातियों का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। विश्वविद्यालय के महाविद्यालय के स्टाल पर भी वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों द्वारा किसानों को खेती के साथ किये जाने वाले सह–व्यवसाय एवं किसानों की आय दोगुनी करने हेतु नवीनतम तकनीकी एवं जानकारियां दी जा रही हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टाल पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता हेतु कानूनी अधिकार से संबंधित साहित्यों का वितरण किया जा रहा है। वस्तुतः ये एवं ऐसे अन्य सरकारी संस्थाओं के स्टाल अपनी–अपनी जानकारियों से किसानों को उन्नत तकनीकें एवं विधियां देने का भरसक प्रयास कर रहे हैं, जिससे वे कम व्यय में अधिक उत्पादन एवं आय प्राप्त कर सकें।